कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.colourdreamz.com www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–16, अंक–02, फरवरी 2016

**किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545**




## कामधेनु लिमिटेड "नई ऊँचाईयों की ओर अग्रसर"




बेस्ट ग्लोबल ब्राण्ड एवार्ड, 2015 से सम्मानित भारत की नं. 1 टीएमटी निर्माता कंपनी कामधेनु लिमिटेड आदर्श कॉरपोरेट मूल्यों पर चलने वाला विश्व प्रसिद्ध व्यावसायिक प्रतिष्ठान है। अविष्कारी तकनीक और विश्वस्तरीय गुणवत्ता के लिये प्रसिद्ध कामधेनु लिमिटेड भारतीय निर्माण क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने के अपने क्रान्तिकारी योगदान के लिये सराहा जाता रहा है।

कामधेनु उत्पादों को उपभोक्ताओं को सुविधा के साथ उपलब्ध कराने के उद्येश्य से कामधेनु लिमिटेड का मज़बूत एवं देशव्यापी नेटवर्क अपनी सेवाएं लगातार प्रदान कर रहा है। लगातार सफलता की ओर आगे बढ़ने की राह में मार्केटिंग नेटवर्क को लगातार विस्तार देते हुए दूरगामी बाज़ार रणनीति का उपयोग कंपनी की विशेषता रही है। अपने सभी चैनल पाटनर्स के साथ नियमित बैठक और संवाद कामधेनु लिमिटेड की परंपरा रही है। इसी कड़ी में 20 फरवरी 2016 को छत्तीसगढ की राजधानी रायपुर के होटल शमरॉक ग्रीन में कंपनी ने  छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र तथा मध्यप्रदेश के कामधेनु डीलर्स के लिए वार्षिक चैनल पार्टनर मीट का आयोजन किया। बैठक में तीनो राज्यों के 600 से अधिक कामधेनु डीलर्स एवं डिस्ट्रीब्यर्स शामिल हुए। इस कार्यक्रम का नाम कंपनी को लगातार मिल रही बड़ी सफलताओं के अनुरूप ही "नई ऊँचाईयों की ओर" दिया गया था।

डीलर्स के मध्य आत्म विश्वास का संचार करने तथा बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित हुए इस कार्यक्रम में कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, सीनियर जीएम श्री एस बी शर्मा तथा जीएम श्री सुशील चौधरी ने शिरकत किया। श्री अमित सोनी,  सुश्री नीतू कटारिया एवं श्री विशाल अग्रवाल सहित कामधेनु लिमिटेड के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी इस बैठक में उपस्थित रहे। इन राज्यों में लाइसेंस के अंतर्गत कामधेनु टीएमटी की मैन्यूफैक्चरिंग कंपनियों के निदेशकों ने भी बैठक में भाग लिया; जिनमें शामिल हैं लिंगराज स्टील एंड पावर प्रा. लि. के निदेशकगण श्री सिद्धेश्वर प्रसाद अग्रवाल व श्री गणेश अग्रवाल, माँ कुद्रागढ़ी स्टील प्रा. लि. के निदेशकगण श्री रवि अग्रवाल व श्री अनिल अग्रवाल तथा अग्रवाल चैनल मिल्स प्रा. लि. के निदेशकगण श्री प्रदीप अग्रवाल व श्री विपिन अग्रवाल।

कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कार्यक्रम के दौरान दिये गये अपने संबोधन में कहा, "साल दर साल कामधेनु लिमिटेड नई ऊंचाईयां हासिल कर रहा है और कंपनी की इस सफलता में डीलरों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। कंपनी ने बीते वर्ष अच्छा कारोबार किया है और मुझे पूरा भरोसा है कि इस वित्तीय वर्ष में भी निर्धारित लक्ष्य को पार कर लिया जाएगा। आज की बैठक कंपनी की बाज़ार रणनीतियों के लिहाज से भी अहम है।"

कामधेनु लिमिटेड द्वारा समय–समय पर आयोजित किए जाने वाले चैनल पार्टनर्स मीट के महत्व के बारे में बताते हुए निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, "ऐसे आयोजनों से कंपनी और डीलरों के बीच रिश्ता मजबूत होता है और सामंजस स्थापित करने में मदद मिलती है। मैं आप डीलरों को कंपनी के महत्वपूर्ण एसेट्स के रूप में देखता हूँ।"

बैठक के दौरान डीलरों के साथ नए तरीके से संवाद स्थापित करने का प्रयास किया गया। इस दौरान एक अवार्ड समारोह भी हुआ जिसमें विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डीलरों को सम्मानित किया गया।

शेष पृष्ठ 2 पर...

पृष्ठ 1 से आगे...

मॉं कुद्रागढ़ी स्टील प्रा. लि. के निदेशक श्री रवि अग्रवाल ने कहा कि, "कामधेनु लिमिटेड से फ्रैंचाइजी साझेदार तौर पर जुड़ने से मुझे बेहद गर्व महसूस हो रहा है और मैं अपनी यह सुखद भावना आप सब के साथ बॉटना चाहता हूँ। आखिरकार आप डीलर बंधुओं का कामधेनु इस्पात लिमिटेड की सफलता में बेहद योगदान रहा है।

मुझे उम्मीद ही नहीं पूरा भरोसा है कि कामधेनु लिमिटेड और मॉं कुद्रागढ़ी स्टील प्रा. लि. की साझेदारी बेहद लंबे समय तक कायम रहेगी और साथ ही राज्य में कामधेनु लिमिडेट का बाजार लगातार बढ़ता रहेगा। कामधेनु लिमिटेड के चेयरमैन श्री सतीश अग्रवाल और डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल का हमें लगातार स्नेह और सहयोग मिलता रहा है जिसके लिये मैं उनका तहे दिल से आभारी हूँ।"






# 26 जनवरी परेड
## में शामिल हुई फ्रांसीसी सेना

भारत के संविधान के लागू होने के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 26 जनवरी को देश पूरे उत्साह से गणतंत्र दिवस मनाता है। इस दिन सैनिकों की शहादत के प्रतीक इंडिया गेट के समक्ष राजपथ पर एक भव्य पैरेड का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर हम मातृभूमि के सम्मान एवं उसकी आज़ादी के लिए असंख्य वीरों की कुर्बानी को याद करते हैं जिनके त्याग और बलिदान के परिणाम स्वरूप भारत एक स्वतंत्र गणतांत्रिक देश बना है।

इस साल 67 वें गणतंत्र दिवस पर राजपथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्य अतिथि के रूप में फांस के राष्ट्रपति फ्रेंकोइस ओलांद उपस्थित हुए। समारोह में भारत के तीनों सेना और विभिन्न अर्धसैनिक बलों के पैरेड के साथ कई पुलिस बल के जवान तथा एनसीसी कैडेट्स कोर के विंग्स आदि भी राजपथ पर भारत की ताक़त और धमक का एहसास कराते दिखे।

इस बार फ्रांस के राष्ट्रपति के सामने ही उनके देश की सेना ने भी गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया। ऐसा भारत के इतिहास में ऐसी पहली बार हुआ जब आमंत्रित अतिथि के सामने उन्हीं की देश की सेना भारत की धरती पर परेड कर रही थी। पेरिस हमले के बाद दुनिया के नक्शे से आतंकवाद को खत्म करने लिए अधिक प्रतिबद्ध हो चुका फ्रांस भारत का एक अच्छा मित्र देश बन गया है। गणतंत्र दिवस समारोह में दुनिया ने भारत के शौर्य के साथ–साथ आतंकवाद के ख़िलाफ एकजुट हुई दो शक्तियों का मिलन भी देखा।




# साउथ एशियन गेम्स में भारत का दबदबा

6 से 16 फरवरी के बीच भारत में 12 वें दक्षिण एशिआई खेलों का आयोजन किया गया। उत्तर पूर्व भारत के दो खूबसूरत शहर गुवाहाटी, असम एवं शिलौंग, मेघालय में आयोजित इस खेल समारोह में फुटबॉल, हॉकी, लॉन टेनिस, बैडमिंटन, तैराकी तीरंदाजी, निशानेबाजी, कुश्ती और मुक्केबाजी सहित 23 तरह की खेल प्रतियोगिताओं में पदक के लिए जोर आजमाने 7 प्रमिभागी देशों के हज़ारों खिलाड़ी इकठ्ठा हुए। प्रतिभागी देशों में भारत के अतिरिक्त शामिल थे अफगानिस्तान, पाकिस्तान, नेपाल, बंगलादेश, श्रीलंका और मालदीव।

खेल समारोह का शुभारंभ तिमोर नामक गैंडा को बनाया गया। असम के जंगल दुनिया भर में एक सींग वाले गैंडे के निवास स्थान के रूप में प्रसिद्ध है। गैंडों को कुछ लालची शिकारी गैरकानूनी ढ़ंग से मारते रहें हैं जिससे इनके अस्तित्व पर खतरा मॅंडरा रहा है। तिमोर के माध्यम से जहाँ एक ओर असम की जैन विविधता की विरासत को दुनिया के सामने रखा गया, वहीं गैडों की सुरक्षा के लिए भी जागरूकता बढ़ाई गई है।

भारत, इस प्रतियोगिता में, अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए 308 पदकों को अपने नाम करते हुए साउथ एशियन गेम्स का सिरमौर बना, जिसमे 188 गोल्ड, 90 सिल्वर और 30 ब्रॉन्ज मेडल शामिल है। इस तरह से वह तालिका में शीर्ष पर विराजमान रहा। भारत के बाद श्रीलंका ने बेहतर प्रदर्शन किया। बीते 16 फरवरी को रंगारंग कार्यक्रम के साथ साउथ एशियन गेम्स सम्पन्न हुआ। भारत को अब तक संपन्न हुए सभी 12 दक्षिण एशिआई खेल समारोहों में शीर्ष पदक विजेता रहने का गौरव प्राप्त है।



# राजस्थान के डीलर्स ने की मलेशिया व इंडोनेशिया की सैर

स्टील के क्षेत्र में विश्व के सर्वश्रेष्ठ ब्राण्ड के एवार्ड से सम्मानित कामधेनु लिमिटेड उपभोक्ताओं के साथ–साथ अपने डीलर्स की खुशियों का खास ख्याल रखता है। देश भर में उपभोक्ताओं को सुविधा के साथ कामधेनु उत्पाद उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले डीलर्स के योगदान की सराहना करते हुए कंपनी उनके लिये लगातार लाभप्रद योजनायें चलाता रहता है।

कंपनी ने जनवरी के महीने में राजस्थान के डीलर्स को 5 दिन की मलेशिया एवं इंडोनेशिया की सैर पर जाने का मौका दिया। 12 जनवरी 2016 से आयोजित इस टूर कार्यक्रम में 53 लोगों ने हिस्सा लिया जिसमें विभिन्न कामधेनु डीलर्स के अतिरिक्त डिस्ट्रीब्यूटर्स श्री राजीव गर्ग और घनश्याम चितलांगिया शामिल थे। सैर पर जाने वाली टीम के साथ गए कामधेनु पदाधिकारियों में शामिल थे; सीनियर जीएम मार्केटिंग श्री दिलीप मेहरा, एजीएम मार्केटिंग श्री राजीव माथुर तथा कोटा यूनिट के तन्मय एवं ध्याता जैन।

इस मज़ेदार सैर के दौरान पूरे टीम ने 3 दिन इंडोनेशिया के बाली में तथा 2 दिन मलेशिया के कुआल्लमपुर में समय बिताया। वहाँ ये सभी सनवे लगून, के एल टावर, लेम्बोंगन आइलैंड जैसे कई पर्यटन स्थलों पर घूमने गए और क्रूज़, वाटर स्पोर्ट्स का लुफ्त उठाया। सैर के दौरान सबने ढ़ेर सारी शापिंग भी की ओर खूब सारा नाच–गाना भी हुआ।



# हरियाणा में छाया KAMDHENU SS 10000

भारत की नं. 1 टीएमटी उत्पादक कंपनी कामधेनु लिमिटेड का प्रीमियम उत्पाद KAMDHENU SS 10000 देश का एकमात्र अधिकृत डबल रिब्स टीएमटी रिबार है जो इमारतों को डबल मजबूती और डबल सुरक्षा देती है। कंक्रीट को साधारण सरियों के मुकाबले 254 प्रतिशत अधिक मजबूत पकड़ देने में सक्षम KAMDHENU SS 10000 में अनोखा सिस्मिक डिजायन है जिससे यह भूकंप से सुरक्षा देती है । हरियाणा में KAMDHENU SS 10000 की मॉग लगातार बढ़ रही है। सुरक्षित निर्माण की गारंटी KAMDHENU SS 10000 को राज्य में और अधिक बढ़ावा देने के लिए हाल ही में राज्य के कुरूक्षेत्र और अम्बाला ज़िले में ठेकेदारों एवं राजमिस्त्रियों के लिए उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।











इन कायक्रमों में कंपनी की ओर से श्री अनुभव जैन, श्री अनिल जामवाल एवं श्री ललित राजपूत उपस्थित हुये। KAMDHENU SS 10000 के डिस्ट्रीब्यूटर श्री संजय गुप्ता भी दोनों कार्यक्रम में मौजूद रहे।

कुरूक्षेत्र में स्थानीय डीलर मेसर्स अंजनी पुत्र सेल्स के प्रोपराइटर श्री श्याम लाल के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में समीपवर्ती क्षेत्रों के 120 से अधिक ठेकेदार एवं राजमिस्त्री शामिल हुए। इसी प्रकार अम्बाला के मठेरी में स्थानीय डीलर मेसर्स गुरूनानक बिल्डिंग मेटेरियल्स के प्रोपराइटर श्री बलविंदर सिंह के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में नज़दीक के क्षेत्रों के 100 से अधिक ठेकेदार एवं राजमिस्त्री शामिल हुए।

कामधेनु अधिकारियों ने उपस्थित ठेकेदारों का स्वागत करते हुये उन्हें कंपनी के बारे में तथा KAMDHENU SS 10000 की उच्च गुणवत्ता तथा अंतर्राष्ट्रीय तकनीक के बारे में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। फिर उन्होंने निर्माणकर्मियों द्वारा पूछे गये सवालों का उत्तर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित निर्माणकर्मियों को उपहार स्वरूप मैसन किट एवं कलेंडर दिए गए।

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Production Date: 26.02.2016





# कामधेनु कलर मैक्स से बनती है बेहतरीन छत

KAMDHENU COLOUR MAX
COLOUR COATED METAL SHEETS

**कामधेनु कलर मैक्स** भारतीय बाज़ार में विश्व के सर्वश्रेष्ठ ब्राण्ड एवार्ड के विजेता कामधेनु लिमिटेड की नवीनतम पेशकश है, जो लॉच के समय से ही भारतीय छत समाधान सेग्मेंट में सफलता की नई मिसाल क़ायम कर रही है। श्रेष्ठ गुणवत्ता, मज़बूत मार्केटिंग नेटवर्क एवं सही कीमत के दम पर **कामधेनु कलर मैक्स** ने उपभोक्ताओं के बीच एक महत्वपूर्ण मुक़ाम हासिल कर लिया है। आज **कामधेनु कलर मैक्स** एवं प्रीपेन्टेड उत्पाद जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा तथा राजस्थान के सभी बड़े बाज़ारों में छाया हुआ है और इसके अलावा मध्य तथा पश्चिम भारत के सभी राज्यों में चुनिंदा आउटलेट्स पर उपलब्ध है।

गुणवत्ता, आविष्कार और भरोसे की लंबी परंपरा कामधेनु लिमिटेड की पहचान है, और इसके अनुसार ही **कामधेनु कलर मैक्स** के सभी उत्पाद सावधानी से चुने हुए रॉ मैटेरियल द्वारा कड़े क्वालिटी कंट्रोल नीतियों के मुताबिक निर्मित किये जाते हैं। बिना किसी समझौता के **कामधेनु कलर मैक्स** के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले प्रीपेन्टेड गैल्वनाइज़्ड शीट अथवा गैल्वैलूम शीट हमेशा फर्स्ट ग्रेड के ही होते हैं। **कामधेनु कलर मैक्स** जंगप्रतिरोधक गैल्वनाइज़्ड शीट का उपयोग कर इको–फ्रेंडली प्रणाली से बेहतरीन रूफिंग शीट्स का निर्माण करते हुए उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं टिकाऊ छत समाधान उपलब्ध करा रही है।

बहुत ही बढ़िया क्वालिटी होने की वजह से **कामधेनु कलर मैक्स** मेंटीनेंस और जंग की समस्या से छुटकारा दिलाता है। ये उत्पाद मौसम के प्रति उच्च प्रतिरोधक क्षमता रखते हैं और कठिन मौसम अथवा तेज ऑधी से बेअसर रहते हैं। इनका मज़बूत लॉकिंग सिस्टम वजनदार वस्तु के गिरने, ऑधी में उड़ जाने या प्राकृतिक आपदा के दूसरे प्रहारों से सुरक्षा देते हैं। किसी भी भौगोलिक वातावरण में पूरे साल हर मौसम में घर को आरामदेह रखने वाले **कामधेनु कलर मैक्स** बाहरी तापमान पर नियंत्रण रखते हैं। इसीलिए चिलचिलाती धूप हो या जमा देने वाली सर्दी **कामधेनु कलर मैक्स** कमरों को आरामदेह बनाए रखते हैं। कैपिलरी ग्रूव्स के द्वारा फिट होकर कभी ना टपकने वाली छत पेश करने वाला **कामधेनु कलर मैक्स** उपभोक्ताओं की सुविधा और संतुष्टि के लिए एसेसिरिज़ की विस्तृत श्रृखला एवं रेनवाटर सिस्टम भी बाज़ार में उपलब्ध करा रहा है।

**कामधेनु कलर मैक्स** के सभी मौसम में आरामदेह होने के बारे में जानकारी देते हुए कामधेनु लिमिटेड के निदेशक, श्री सुनील अग्रवाल ने बताया, "घर में 75 प्रतिशत गर्मी छत से अंदर आती है और सिर्फ 25 प्रतिशत ही दीवारों से आती है, क्योंकि छत सबसे अधिक और सबसे लंबे समय तक सूरज की किरणों के प्रभाव में रहता है। उपभोक्ताओं को आराम देने तथा कूलिंग पर होने वाले खर्च की कटौती करने हेतु **कामधेनु कलर मैक्स** में एडवांस हाई रिफ्लेक्टिव कोटिंग इस्तेमाल की गई है जो गर्म मौसम में छत के तापमान को 20 प्रतिशत तक कम रखती है। इसके अलावा सूरज ढ़लने के बाद **कामधेनु कलर मैक्स** को ठंढ़ा होने में काफी कम समय लगता है जिससे रात के समय कूलिंग पर ऊर्जा और पैसे की बचत मिलती है।"

**कामधेनु कलर मैक्स** की कलर कोटिंग हाई रिफ्लेक्टिव होने के साथ–साथ बेहद खूबसूरत भी हैं। ये बेहतरीन कलर मेटल उत्पाद भवनों को आकर्षक और स्टाइलिश बनाते हैं। आकर्षक रंगों के बेमिसाल विकल्पों को पेश कर सपनों के घर को हक़ीकत में बदलने वाले कामधेनु रूफिंग उत्पाद अन्य प्रतियोगी उत्पादों से कहीं बेहतर ठहरते हैं, क्योंकि ये आर्किटेक्ट, निर्माण, उद्योग एवं सड़क सुरक्षा में उपयोग आने वाले रंगों के लिए तय अंतर्राष्ट्रीय आर. ए. एल. सिस्टम के मानकों के अनुसार बनाए गये हैं।

**कामधेनु कलर मैक्स** अग्निप्रतिरोधक, मज़बूत, सुरक्षित एवं टिकाऊ छत का भरोसा देता है। बिल्कुल सही और समरूप मोटाई, चौड़ाई व लंबाई सुनिश्चित करने वाले ये शीट्स लगाने में आसान हैं। अधिक मज़बूती देने के बावजूद वजन मे हल्का होने के कारण **कामधेनु कलर मैक्स** किफायती भी हैं। हाई–रिब प्रोफाइल शीट्स, टाइल प्रोफाइल शीट्स एवं कोरूगेटेड शीट्स के तीन बेहतरीन डिज़ायन में ये उपलब्ध हैं । वाज़िब कीमत पर 0.35 मिमी से 0.60 मिमी मोटाई के रेंज में उपलब्ध तीनों प्रकार के **कामधेनु कलर मैक्स** चुनिंदा रंगों के कई खूबसूरत विकल्प देते हैं।

Trade Enquiry के लिए सम्पर्क करें
**मोब.: 91–8130284215 फोनः 0124–4604595**
ईमेलः hc.bhatt@kamdhenulimited.com




दुर्गा प्रसाद
**मेसर्स महाकाल ट्रेडिंग कम्पनी**
नियर पोलिस स्टेशन,
नाका नं. 3,
पी.टी. कम्पनी, राजगढ़
बायोरा
फोनः 09425443086

अनिल कुमार
**मेसर्स राम सहाय अग्रवाल एण्ड कम्पनी**
गांधी रोड, नियर पीएनबी बैंक
दतिया
फोनः 09425110603

प्रवीन चौधरी
**मेसर्स गुरूनानक स्टील सेंटर**
नियर जनता टाकिज़
चर्च इटारसी के सामने
फोनः 09039708230

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092